## एक नजर में

### ग्राम चोली में होगा राधा विनोद बिहारी का पाट महोत्सव

**मंडलेश्वर, निप्र।** ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी भगवान के होने वाले द्वादश वार्षिक पाट महोत्सव में शामिल होने के लिए श्रीधाम वृंदावन से सद गुरूदेव पपू अलबेली शरण महाराज गुरुवार को ग्राम चोली में आगमन हुआ। बाबाजी के स्वागत के लिए शाम को मोटी माता पर बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष हुए थे। कुंज बिहारी श्री हरिदास के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। यहां से बाबाजी शोभा यात्रा के रूप में नगर भ्रमण करते हुए ठाकुर श्री राधा विनोद बिहारी मंदिर पहुंचे। जहां ठाकुर जी के दर्शन कर गोतीर्थ गोशाला पहुंचे। पाट उत्सव समिति अध्यक्ष सहदेव ठाकुर ने बताया रविवार सुबह भगवान ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी जी का 12वा पाट उत्सव मनाया जाएगा तथा रात्रि में तालाब किनारे स्थित गौरी सोमनाथ मंदिर प्रांगण में काकड़ आरती कर दीप जलाए जाएंगे। 2 से 9 फरवरी तक अखंड नाम संकीर्तन होंगे। वहीं 11 फरवरी को 1 दिवसीय रासलीला का आयोजन नगर के नर्मदा घाट पर होना है। 12 से 16 फरवरी तक महोत्सव के तारतम्य में ग्राम में रोज रात्रि 8 बजे से रासलीला का आयोजन होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया वृंदावन के श्रीराम शर्मा जी की रास मंडली द्वारा रासलीला का मंचन किया जाना है। साथ ही 12 से 16 तक वृंदावन स्थित बांके बिहारी जी के प्राकट्यकर्ता स्वामी हरिदास की चरित्र कथा का वाचन पपू किशोरीदास महाराज के द्वारा किया जाएगा। 16 फरवरी की शाम आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 17 फरवरी को भंडारे के साथ पाट महोत्सव का समापन होगा। महोत्सव में बड़ी संख्या में देशभर के प्रसिद्ध संतों का आगमन गांव में होगा। जिसमें ज्ञान गुदड़ी (वृंदावन) के बाबा श्री कुंज बिहारी जी भक्तमाली जी, जटेरी धाम (राजस्थान) के मुखिया विपिन बिहारीदास जी महाराज की विशेष उपस्थिति रहेगी. समिति सदस्य पर्वत ठाकुर और भारतसिंह ठाकुर ने बताया रविवार को पाट उत्सव के रात्रि आयोजन के दौरान ठाकुर श्री राधाविनोद बिहारी मंदिर और गौरी सोमनाथ मंदिर को 11 हजार दीपकों और रंगोली से सजाया जाएगा। वहीं 11 फरवरी को सुबह 9 बजे एक दिवसीय रासलीला का आयोजन मंडलेश्वर में भी होना है.



### महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण



**कसरावद, निप्र।** शिक्षा के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का अहम स्थान है, महर्षि वेद व्यास स्कूल इस हेतु निरंतर प्रयासरत है। उक्त विचार नगर पंचायत अध्यक्ष मंडलेश्वर श्री विश्वदीप मोयदे ने महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय नार्मदीय समाज महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बड़ोले ने विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण हुए कहा कि पुरस्कार बच्चों को निरंतर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते है। महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर हुआ. विशेष अतिथि नवीन जोशी, अध्यक्ष, अभिभाषक संघ कसरावद, नीतीश लूनिया अध्यक्ष तहसील पत्रकार संघ कसरावद, शरद सराफ अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज कसरावद, सुधीर रावल, धनंजय जी न्याय विभाग कसरावद, सचिव, बार कौंसिल कसरावद भी समारोह में शामिल थे. विश्वदीप मोयदे अध्यक्ष नगर पंचायत मंडलेश्वर तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश बड़ोले जी का शाल एवं श्री फल द्वारा संस्था के अध्यक्ष निलेश व्यास, अकादमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य राजेश व्यास तथा संचालक एवं उपाध्यक्ष अभिभाषक संघ कसरावद श्री ब्रजेश कुमार व्यास ने सम्मान किया। कार्यक्रम में विद्यालय में सत्र 2024 25 की वार्षिक गतिविधियो में खेल एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों तथा राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित विद्यार्थी यो, कक्षा टॉपर्स तथा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त छात्र छात्राओं, साइंस, मैथ्स, इंग्लिश ओलंपियाड में सफल बच्चों को संस्था ने भव्य समारोह में गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल तथा विभिन्न उपहार तथा प्रमाणपत्र आदि दे कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था की 80 वर्षीय संस्थापिका श्रीमती निर्मला व्यास विशेष रूप से बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए उपस्थित रही। अतिथियों का परिचय संचालक ब्रजेश कुमार व्यास ने दिया. अकादमिक डायरेक्टरएवं प्राचार्य राजेश व्यास ने वार्षिक गतिविधियो, अकादमिक उपलब्धियों तथा विभिन्न राज्यस्तरीय विज्ञान मंथन यात्रा व अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की. संचालन शिवानी एवं पायल कुशवाह ने किया. कार्यक्रम को सुचारू रुप से संपादन में मीना भाटी, सीमा पाटीदार, नीलम तोमर, चेतना कुशवाह रवि गुर्जर, विशाल कुशवाह, प्रवीण पटौदी, वीरेंद्र वर्मा, अंजली पटेल, कविता श्रीवास, निहारिका हंसा, सिम्मी, भूमिका कुशवाह, आदि की सराहनीय भूमिका रही.

### बिस्टान में सेक्टर के सभी कर्मचारियों को सुपरवाइजर सुनील सोनी ने शपथ दिलाई

**बिस्टान, निप्र।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्टान में सेक्टर के सभी कर्मचारियों को सुपरवाइजर सुनील सोनी ने शपथ दिलाई व इस अवसर पर कुष्ट रोग के लक्षण, पहचान व उपचार की जानकारी दी, इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने आज विश्व उष्णकटिबंधीय रोग ( NTD) की जानकारी देकर समुदाय को अपने क्षेत्र में सभी बीमारियों के बचाव के प्रति जागरूक करने की अपील की।

### आईपीएल की तर्ज पर होगा भव्य क्रिकेट महाकुंभ



**बड़वाह, निप्र।** नगर में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात सामने आई है। पहली बार बड़वाह प्रीमियर लीग (ब्ध्क्ष्) का आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है, जिसका नाम 'पटेल कप' रखा गया है। इस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट में क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ आर्थिक लाभ कमाने का भी सुनहरा अवसर मिलेगा। टूर्नामेंट का आयोजन बड़वाह प्रीमियर लीग के तत्वावधान में एवं पटेल मोटर्स, इंदौर के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजक वल्लभ जी पटेल, रवि शुक्ला, व विक्रम गौहर के अनुसार यह ब्ध्क्ष् का पहला सीजन होगा, जिसमें कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रारूप में खेला जाएगा, जिससे रोमांच और प्रतिस्पर्धा दोनों चरम पर रहेंगी। खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा, जिससे इस आयोजन को पूरी तरह प्रोफेशनल और आईपीएल जैसा स्वरूप मिलेगा। खिलाड़ियों के लिए रजिस्ट्रेशन फीस मात्र 300 रुपये रखी गई है, वहीं हर खिलाड़ी का बेस प्राइस 500 रुपये तय किया गया है, जिसमें ऑक्शन के दौरान बोली के अनुसार बढ़ोतरी होगी। इस टूर्नामेंट में खरगोन, खंडवा एवं बुरहानपुर जिले के सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी पंजीकरण कर सकते हैं। श्री पटेल ने बताया की आयोजन समिति का उद्देश्य ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों के युवाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपनी क्रिकेट प्रतिभा को निखार सकें और खेल के माध्यम से आर्थिक रूप से भी सशक्त बन सकें।

### जुडियो ने की वैल्यू-लेड फैशन एक्सपीरियंस की शुरुआत

**खरगोन.** टाटा ग्रुप के वैल्यू-फैशन ब्रांड जुडियो ने मध्य प्रदेश के खरगोन में अपना नया स्टोर शुरू किया है. यह नया आउटलेट रणनीतिक रूप से सनावद रोड, सरस्वती नगर में स्थित है. इस नए आउटलेट के साथ शहर में जुडियो का ट्रेंड-फॉरवर्ड फैशन, विशाल उत्पाद रेंज और आकर्षक कीमत उपलब हो गया है, जिसने उपभोक्ताओं में जबरदस्त रुचि जगाई है और स्थानीय फैशन रिटेल क्षेत्र को नई गति प्रदान की है. इसके साथ अब मध्य प्रदेश में जुडियो के कुल 23 स्टोर हो गए हैं, जो राज्य के तेजी से बढ़ते बाजारों में विस्तार पर कंपनी के मजबूत फोकस का सबूत है. ट्रेंट लिमिटेड के सीईओ एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वेंकटेसालु पी ने इस मौके पर कहा जुडियो भारत के फास्ट-फैशन परिदृश्य को नया रूप दे रहा है, क्योंकि यह किफायती दामों के साथ विविधता और समकालीन डिजाइन पेश करता है. देश भर में फैशन के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है, ऐसे में हमारा फोकस स्टाइल को और अधिक सुलभ, आकांक्षी और रोमांचक बनाना है.

# पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर मनरेगा योजना में बदलाव : सांसद

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा- जिला सम्मेलन के साथ होगी ग्राम चौपाल



**खरगोन, निप्र।** केंद्र सरकार ने महती विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी रामजी) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर भारतीय जनता पार्टी, जिला, ब्लॉक, ग्राम से लेकर फालियों तक सम्मेलन, कार्यशाला और चौपाल का आयोजन करेगी। इन आयोजनों की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे की अध्यक्षता और सांसद गजेंद्र पटेल के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें सांसद श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता बढ़ाने और जवाबदेही तय करने के लिए अमूलचूल बदलाव, संशोधन कर केंद्र सरकार ने महती विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी जी रामजी) योजना लागू कि है। इस ग्रामीण मजदूर हितैषी योजना का दुष्प्रचार कर विपक्षी दल भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है, जबकि योजना मजदूर हितैषी योजना है। इस योजना से मजदूरों को कैसे पहले से अधिक लाभ मिलेगा, इसकी जानकारी सम्मेलन, चौपाल के माध्यम से प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक स्तर के वक्ता ग्रामीण मजदूरों तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने बताया योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जिला संयोजक, सह. संयोजक की नियुक्तियां की गई है। आगामी दिनों में जिला, ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन एवं चौपालें आयोजित की जाएगी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाड़गे, जिला उपाध्यक्ष हरेसिंह चावड़ा, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, जिला मंत्री अनुराग दांगी, कार्यालय मंत्री विजय पटेल, वीबी रामजी योजना प्रचार. प्रसार जिला संयोजक वीरेंद्र पाटीदार, जीरामजी भीकनगांव विधानसभा टोली संयोजक दिलीप जोशी, जीरामजी खरगोन विधानसभा टोली जीरामजी संयोजक संतोष पाटीदार, जीरामजी भगवानपुरा विधानसभा टोली संयोजक प्रहलाद वास्कले, सह.संयोजक संतोष सोलंकी, कसरावद विधानसभा जीरामजी टोली संयोजक ताराचंद यादव, जीरामजी टोली जिला सोशल प्रभारी अमित मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा आदि उपस्थित थे।

## निमाड़ क्षेत्र से प्रदीप सेठिया गौतम विद्यार्थी हुए सम्मानित



**बड़वाह, निप्र।** निमाड़ क्षेत्र से प्रदीप सेठिया गौतम विद्यार्थी का सम्मान हुआ शहीदों के वंशजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सज्जन वर्मा ने कहामहात्मा गांधी के विचारों को आज भी दुनिया के 400 करोड लोग मानते हैं तथा गांधीजी की प्रतिमाएं आज भी लगभग 150 देश में लगी हुई है स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के वंशज हमारे लिए अत्यंत सम्माननीय है महान ज्ञात अज्ञात सेनानियों एवं शहीदों के त्याग एवं बलिदान से ही हम आजादी व लोकतांत्रिक व्यवस्था में आज खुली सास ले रहे हैं यह बात मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स्वतंत्रता सेनानी परिवार प्रकोष्ठ द्वारा भोपाल पीसीसी कार्यालयमें आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा नेकही निमाड़ क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में प्रदेश कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सेठिया एवं प्रदेश सचिव गौतम विद्यार्थी एवं समुचे प्रदेश से आए शहीदों के वंशजों एवं उत्तराधिकारियों का अतिथियों द्वारा अभिनंदन पत्र देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी लेखराज सिंह ने की इस अवसर पर गांधीवादी विचारक राजेश बादल प्रदेश कांग्रेस के संगठनमहामंत्री डॉ संजय कांमले कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉक्टर महेंद्र सिंह चौहान प्रदेश सेवा दल के अध्यक्ष अश्विन भार्गव प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय सीतलानी महामंत्री अशोक सिंधु ने भी अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन विकास जोशी ने किया।

## सांदीपनि विद्यालय बिस्टान की छात्रा ने संभाग स्तर पर लहराया परचम



**बिस्टान, निप्र।** जनजातीय कार्य विभाग जिला खरगोन के सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी खरगोन के मार्गदर्शन में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं लघु नाटिका प्रतियोगिताओं में सांदीपनि विद्यालय बिस्तान के छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं लघु नाटिका में शिक्षिका श्रीमती सीमा शर्मा के सहयोग से बालिका - निधि गणेश पाटिल कक्षा 8 वी द्वारा टेक्नोलॉजी एवं शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक विज्ञान मॉडल का निर्माण किया गया। इसी प्रकार लघु नाटिका में कक्षा 8 वी की बालिकाओं सिद्धि- वीरेंद्र वर्मा, तनिषा - गुलाबचंद पाटिल, निधी - गणेश पाटिल, खुशी - कैलाश पाटिल, मुसरा-शाकिर शेख, शिवानी - धनीराम पाटिल, पल्लवी - गोकुल आर्से, अमृता - सावन वास्कले, वंशिका - विजय पाटिल, सांची-राहुल तिरोले ने, सोशल मीडिया एवं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर एक लघुनाटिक का प्रदर्शन दिनांक 08/01/25 को विकासखंड स्तर, दिनांक 15/01/25 को जिला स्तर एवं दिनांक 28- 29/01/25 को संभाग स्तर पर अपने मॉडल का प्रदर्शन किया एवं राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है सांदीपनि विद्यालय बिस्टान के प्राचार्य श्री बलराम भंवर सर एवं समस्त स्टाफ सदस्यो ने बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अत्यंत हर्ष जताया है। विद्यालय परिवार बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है कि वे जीवन में आगे बढ़े ऐसे अवसरों का लाभ लेकर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो।

## विधायक सचिन बिरला ने ग्रामीण विकास को गति देने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भाग लिया

**सनावद, निप्र।** उन्होंने श्री रेवा गुर्जर सामुदायिक भवन परिसर में 25 लाख रुपये की लागत से टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन किया तथा 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक सचिन बिरला ने ग्राम के आदिवासी भीलाला समाज के लिए नया सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपये अनुदान देने की घोषणा की, जिससे स्थानीय समुदाय को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साद, रामेश्वर सिनगुने, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोहन यादव, मयाचंद भमोरिया, सरपंच कीरेसिंग, मुकेश भायड़िया, राधेश्याम पटेल, कमलचंद पटेल, तिलोकचंद पटेल, प्रेमलाल दुबलिया, पन्नालाल संकड़िया, गुलाबचंद पटेल, रामलाल पटेल, वासुदेव भायड़िया, काशीराम भायड़िया, देवकरण दुबलिया, आनंदराम पटेल, तिलोकचंद भायड़िया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पदाधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि ऐसे कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में एकता, सामाजिक सद्भाव और विकास को मजबूत करते हैं।



## आरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर को प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने किया सम्मानित

**कसरावद, निप्र।** गणतंत्र दिवस पर खरगोन जिले के प्रभारी विश्वास सारंग व जिला कलेक्टर भव्या मित्तल जी एंव निमाड रेंज के डीआईजी सिध्दार्थ बहुगुणा एंव पुलिस अधीक्षक डां.रविन्द्र वर्मा एवं जिला खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष अन्नू बाई तंवर बीजेपी जिला अध्यक्ष नंन्दा ब्राह्मणे की उपस्थिति में जिला खरगोन के बलकवाडा थाना पर पदस्थ आरक्षक महेंद्र सिंह ठाकुर को चोरी के फरार आरोपीयों की धर पकड विशेष योगदान व अवैध आमर्स पकड़ने में प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण किया



**गोगावा, निप्र।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बी.एम .ओ . डॉ आसाराम खरते सर द्वारा कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी दी। श्री परसराम क्षेत्रे बी ई ई द्वारा अपील पढ़कर सुनाई गई एवं सुभाष चंद्र निर्गुडे कुष्ठ रोग प्रभारी द्वारा संकल्प पढ़कर सुनाया गया एवं डॉक्टर कमलेश सिंगोरिया सर एवं अन्य डॉक्टर /स्टाफ के कर्मचारी कुष्ठ रोगी एवं बाहर से आए अन्य रोगी उपस्थित हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में कुष्ठ रोगियों के लिए (पी ओ डी)कैंप विकृति से बचाव के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विस्तृत जानकारी दी गई। कुष्ठ मरीजों को तेल /सावन /प्लास्टिक तप/ स्क्रैपर ट्यूब /टॉनिक की गोलियां एंटी बायोटिक गोलियां /कॉटन बैंडेज दिया गया।

## नवाचारों से सजेगी शिक्षा की राह : कसरावद में संपन्न हुआ 'राह बनाते शिक्षक' सेमिनार





**कसरावद, निप्र।** कसरावद ब्लॉक के स्कूलों में बुनियादी शिक्षा को सशक्त बनाने और शिक्षकों के नवाचारों को एक साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 'राह बनाते शिक्षक' मंच के तहत एक दिवसीय शिक्षक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग विकास खंड कसरावद और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित निपुण डेमो कार्यक्रम और शैक्षिक संवाद के साझा प्रयासों का परिणाम है। शिक्षकों ने साझा किए अपने नवाचार संगोष्ठी में सात चयनित शिक्षकों ने अपनी कक्षाओं में किए गए सफल प्रयोगों की जीवंत प्रस्तुति दी। तृप्ति मंडलोई ने 'प्रिंट-रिच' वातावरण के महत्व को रेखांकित किया, वहीं दिनेश धनगर ने गणित और हिन्दी विषयों के लिए निर्मित नवाचारी टीएलएम का प्रदर्शन किया। माया पटेल ने प्रयोग आधारित शिक्षण, शीला पाटीदार ने अभिनय के माध्यम से सीखना और अर्चना एस्के ने स्थानीय मान की अवधारणा को रोचक गतिविधियों से स्पष्ट किया। भागीरथ नरगावे ने शिक्षण में पाठ योजना की महत्ता पर प्रकाश डाला, जबकि पंकज वर्मा ने प्राथमिक कक्षाओं में चित्र पठन के माध्यम से बेहतर बातचीत के कौशल साझा किए। नीतिगत लक्ष्यों पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2023 के उन लक्ष्यों को धरातल पर उतारने की एक कोशिश है, जहाँ बच्चा स्वस्थ रहे (H1), प्रभावी संचारक बने (H2) और सक्रिय जिज्ञासु (H3) के रूप में विकसित हो। वरिष्ठ अधिकारियों का संबलन बीआरसी (BRC), बीएससी (BAC) और जन शिक्षकों (CAC) ने शिक्षकों के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संकुल स्तर की शैक्षणिक चर्चाओं को ब्लॉक स्तर पर लाने से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी।

**एक नजर में** — सुबह विधायक व शाम को एसडीएम को सौपा ज्ञापन...

# बड़वाह धामनोद रोड को लेकर व्यवसायी और नागरिकों ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज़

**बड़वाह, निप्र।** शासन ने बड़वाह-धामनोद फोरलेन राजमार्ग (एसएच -36) के निर्माण हेतु अधिसूचना जारी की है। शासन के निर्ण वीसीयानुसार बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के सेंटर से दोनों ओर 50-50 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा। शासन के इस प्रस्ताव का बड़वाह नगर के व्यवसायियों और नागरिकों ने विरोध किया है। इस तारतम्य में बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर के निवासियों और व्यापारियों ने विधायक सचिन बिरला को एक सुबह व शाम को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बड़वाह का धामनोद रोड नगर का सर्वाधिक व्यस्ततम व्यापारिक मार्ग है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में दुकानें, व्यापारिक संस्थान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और आवासीय भवन स्थित हैं। इस मार्ग पर दोनों ओर 50-50 फीट जमीन का अधिग्रहण करने से बड़ी संख्या में दुकानें, व्यापारिक संस्थान और आवासीय भवन तोड़ना पड़ेंगे। इससे व्यापारियों और निवासियों को बड़े पैमाने पर हानि होगी और रोजगार पर अत्यंत विपरीत प्रभाव पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम बफलगांव एवं ग्राम रतनपुर के ग्रामवासियों ने नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर धामनोद तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट भूमि अधिग्रहण का विरोध किया है। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानें, व्यापारिक संस्थान, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटेंगे। ग्रामवासियों और बड़वाह नगर के व्यापारियों तथा नागरिकों ने शासन से मांग की है कि बड़वाह नगर के जय स्तंभ से लेकर नेशनल हाईवे के अंडरपास तक सड़क के दोनों ओर 30-30 फीट जमीन अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से अनेक दुकानें, व्यापारिक संस्थान और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी प्रकार ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर के साथ साथ किठूद, पिपल्याबुजुर्ग निवासियों ने भी मांग है कि नेशनल हाईवे के अंडरपास से लेकर रतनपुर फाटे तक सड़क के दोनों ओर 100-100 फीट की जगह 50-50 फीट भूमि अधिगृहित की जाए। ऐसा करने से सड़क के दोनों ओर स्थित वर्षों पुरानी कमर्शियल दुकानें एवं आवासीय भवन टूटने से बच जाएंगे और आवागमन में भी बाधा उत्पन्न नहीं होगी। इसके अलावा ग्रामवासियों ने रतनपुर फाटा पर ओवरब्रिज या अंडरपास का निर्माण नहीं करने की मांग भी शासन से की है। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि ग्रामवासियों और व्यापारियों की मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। विधायक ने बड़वाह नगर, ग्राम बफलगांव, ग्राम रतनपुर में निवासियों और व्यापारियों की मांगों से पूर्ण सहमति व्यक्त की और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना।

